भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 143

गुरुवार, 2 फरवरी, 2023/13 माघ, 1944 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

तमिलनाडु में पर्यटन के लिए चिन्हित स्थल

143. श्री आर. गिरिराजनः

श्री एस. कल्याणसुन्दरमः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा मंदिरों के शहर कुंभकोणम में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) इसके लिए कितनी धनराशि आवंटित, संवितरित और उपयोग की गई है;

(ग) पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार की योजनाओं की सूची क्या है;

(घ) सरकार द्वारा तंजावुर और पुदुकोट्टई जिलों में चिन्हित पर्यटन स्थलों की सूची क्या है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) वर्ष 2018 से लेकर अब तक पर्यटन के लिए आवंटित, संवितरित और उपयोग की गई निधि का तमिलनाडु राज्य के संबंध में जिला-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग) : पर्यटन मंत्रालय कुंभकोणम सहित देश के पर्यटन गंतव्यों का समग्र रूप से संवर्धन करता है । घरेलू तथा वैश्विक बाजारों में ''आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार'' (डीपीपीएच) और ''विदेशों में संवर्धन और प्रचार'' (ओपीपी) योजनाओं के तहत संवर्धन कार्य किया जाता है । मंत्रालय की वेबसाइट www.incredibleindia.org और सोशल मीडिया हैंडल्स के माध्यम से भी विरासत, आध्यात्मिक, निरोगता और एडवेंचर पर्यटन सहित विभिन्न थीमों के तहत संवर्धन किया जाता है । डीपीपीएच और ओपीपी योजनाओं के तहत निधियों का राज्यवार आवंटन नहीं किया जाता है ।

इसके अतिरिक्त, पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन', 'प्रशाद' और 'केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' योजनाओं के अंतर्गत विभिन्न गंतव्यों में पर्यटन अवसंरचना के विकास हेतु निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्टों की प्रस्तुति, योजना दिशानिर्देशों के अनुपालन और पहले जारी की गई निधियों के उपयोग आदि की शर्त पर राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है ।

(घ) : 'स्वदेश दर्शन', 'प्रशाद' और 'केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' योजनाओं के अंतर्गत उक्त जिलों में किसी गंतव्य को स्वीकृति नहीं दी गई है ।

(ड.) : तमिलनाडु राज्य में पर्यटन मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं, पर्यटन मंत्रालय द्वारा जारी की गई निधि, उपयोग की गई निधि का वर्ष 2018 से वर्ष-वार विवरण **अनुबंध** में दिया गया है ।

*****

अनुबंध

तमिलनाडु में पर्यटन के लिए चिन्हित स्थल के संबंध में दिनांक 02.02.2023 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 143 के भाग (ड.) के उत्तर में **विवरण**

तमिलनाडु राज्य में आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार (डीपीपीएच) योजना के अंतर्गत मेले और महोत्सव के लिए स्वीकृत राशि

(**लाख रु. में**)

क्र. सं.	**वर्ष**	**मेले और महोत्सवों के नाम**	**स्वीकृत राशि**	**निर्मुक्त राशि**
1	2018-19	ममल्लापुरम में इंडिया डांस फेस्टिवल	25.00	25.00
2	2019-20	(i) इंडिया डांस फेस्टिवल (ii) कुमारी फेस्टिवल (iii) पर्यटन सांस्कृतिक महोत्सव	50.00	50.00
3	2021-22	ममल्लापुरम में इंडिया डांस फेस्टिवल	25.00	25.00

*****